
**6.6 Seminar, workshops, Conferences and training organized by the institution.**

**Yes, 2** workshop and 1 National webinar was organized by the college.

**Workshop Details**:



137

दिनांक : 14/08/2024 | 14-08-24 भूजल (6 Point) | पहली नज़र

तकीपुर कॉलेज में कांगड़ा के भूजल मुद्दे और प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में जिला कांगड़ा के स्थानीय मुद्दे और प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जलशक्ति मंत्रालय जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग केंद्रीय भूमिजल बोर्ड उत्तरी हिमालय क्षेत्र धर्मशाला तथा राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वाधान से किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. के एस अत्री ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य विद्वानों के स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. आर. एस. गिल ने कहा कि जल केवल मानव जाति के लिये ही नहीं बल्कि जीव जंतुओं और पेड़ पौधों के लिए भी आवश्यक है। और पृथ्वी पर जल के बिना जीने की कल्पना नहीं की जा सकती है, समस्त जीव जंतुओं और पेड़ पौधों के लिए भी आवश्यक है और पृथ्वी पर जल के बिना जीने की कल्पना नहीं की जा सकती है, समस्त जीव जगत का आधार ही जल है। डॉ. आर. एस गिल ने कहा कि भूजल मानव जाति के लिए पानी का सबसे बड़ा स्रोत है। दुनिया के उपलब्ध पानी का 30% है। डॉ. गिल ने कहा कि बढ़ती वैश्विक आबादी अधिक गहन कृषि और बढ़ते औद्योगिक उपयोग के साथ मिलकर भूजल की मांग में लगातार वृद्धि हुई है। इसमें हम सभी को अपनी-अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करनी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ के एस अत्री ने कहा अपने संबोधन में कहा कि भूजल एक अति महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। यह प्रकृति का हमारे लिए निःशुल्क उपहार है। उन्होंने कहा भविष्य में जल की कमी एक बड़ी समस्या होगी। किसी भी देश राज्य और क्षेत्र

2026.03.14 11:37

की संपन्नता और सभ्यता के विकास में जल का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा मानव समाज भूजल के गिरते स्तर की वजह से गंभीरतम संकट की चपेट में है। पीने के पानी की कमी, बढ़ती प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य संबंधी घातक बीमारियाँ और जल संकट जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि भूजल की कमी के कारण मानव का विकास और वृद्धि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है, आज हम अपने भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति के लिए न केवल भूजल का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं बल्कि भूजल प्रदूषण को बढ़ावा भी दे रहे हैं।

14/8/2024


पहली नजर

सबसे पहले, सबसे तेज़

तकीपुर कॉलेज में कांगड़ा के भूजल मुद्दे और प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



HAPPY INDEPENDENCE DAY
MOTHERKRAFT HOSPITAL
Crafting Women's Health at Every Step
Complete Women's Healthcare Destination
Obstetrics • Pathology • Pediatrics • Laproscopy
Gynaecology • Ultrasound • Neonatology • Infertility
Motherkraft, Maturr Palampur Road, Near Utsav Palace, Ghurkari, Kangra
CALL US:- 01892-299088, 80914-11099

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280

**2nd Workshop Documents:**

205

दिनांक :
26/12/2024

राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दौरान सिखाए आपदा में बचाव के गुर

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण धर्मशाला के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री हरजीत भुलर उपस्थित रहे। उन्होंने आपदा प्रबंधन की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बचाव के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए और वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को इस विषय पर संवेदनशील बनाने की कोशिश की।

कार्यशाला में आपदा प्रबंधन जिला कांगड़ा के मास्टर ट्रेनर हेड कांस्टेबल गौरव तथा सहायक ट्रेनर अमित कमल और अरविंद कुमार ने छात्र-छात्राओं को आग लगने के विभिन्न कारण और उनके समाधान एलपीजी सिलेंडर से संबंधित सुरक्षा उपाय, फायर एक्सटिंग्विशर फर्स्ट एड, सीपीआर और बंबू स्ट्रक्चर, कंबल, ग्रिप स्ट्रेचर के माध्यम से आपदा में फंसे व्यक्तियों को निकालने के लिए प्रैक्टिकल उपाय बताए।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के प्राचार्य श्री आर. एस. गिल ने छात्रों से आह्वान किया कि जो जानकारी उन्होंने यहां प्राप्त की है, वह किसी आपातकालीन स्थिति में, जब सरकारी सहायता देर से पहुंचे, उनके परिवार या समाज को भी आपदा प्रबंधन के प्रति [illegible] करें।

2026.03.14 11:40

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी
प्रो॰ लेखराज, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो॰
प्रीति वाला डॉ॰ सुनील और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो॰ लेखराज ने कांगड़ा
जिले से आये हुए मास्टर ट्रेनरों का धन्यवाद किया। और उन्हें
स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यशाला में कॉलेज
के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग
लिया।




Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280

2026.03.14 11:40

**Webinar Documents:**



# तकीपुर कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

**सवेरा न्यूज/मनोज**

कांगड़ा,6 फरवरी : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता- कठिन और तनावपूर्ण परिस्थितियों से कैसे बचें' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस राष्ट्र स्तरीय वेबीनार में देश व प्रदेश के लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। वेबीनार में मुख्य स्रोत विद वक्ता की भूमिका में डॉ. विलास पाद्यये रजिस्ट्रार एवं विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान एलिफंस्टन कॉलेज, डॉ. होमी भाभा स्टेट यूनिवर्सिटी मुंबई व प्रो. शुभांगी पिंगुलकर काउंसलर डॉ. होमी भाभा स्टेट यूनिवर्सिटी मुंबई रहे । मंच संचालन करते हुए वेबीनार संयोजक प्रो. साहिल ने सभी प्रतिभागियों को वेबीनार के विषय से अवगत करवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. गिल ने सभी वक्ताओं व प्रतिभागियों का स्वागत किया और बताया कि हर व्यक्ति आज किसी न किसी तनाव से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत आवश्यक है कि विद्यार्थी जीवन से ही हम अपने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहें , ताकि हम सभी नशा व खुद को नुकसान करने वाला कोई कदम ना उठाएं। मुख्य वक्ता डॉ. विलास पाद्यये ने प्रतिभागियों को चिंता, अवसाद, निराशा, तनाव, के बीच के सह-संबंध से अवगत करवाया । वेबीनार के दूसरे वक्ता प्रो. शुभांगी पिंगुलकर ने कुछ ऐसी रणनीतियां सिखाई जिससे भावनात्मक प्रबंधन में हम सभी को मदद मिले । महाविद्यालय के आइ.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. भगवान दास ने धन्यवाद प्रस्ताव देखकर कार्यक्रम में सबके सहयोग के लिए अभ्यार व्यक्त किया

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280